दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार हुआ समाप्त। बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवम्बर को डाले जायेंगे वोट।

02 चुनाव प्रचार थमने के बाद एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये।

03. दूसरे चरण में बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नीतीश मिश्रा, जयंत राज और रेणु देवी समेत बारह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में सुबह और शाम के समय ठंड में बढ़ोतरी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार आज संपन्न हो गया। इस चरण में बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसमें एक सौ छत्तीस महिला प्रत्याशी है।

---

विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों में भाजपा और महागठबंधन ने युद्धस्तर पर चुनाव प्रचार अभियान चलाकार मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कोशिश की। एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुल चौदह चुनावी सभाएं की। वहीं, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़सठ, भाजपा वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तैंतीस, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इक्कीस और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पन्द्रह चुनावी सभाएं की। वहीं, महागठबंधन की ओर से राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सबसे अधिक एक सौ पचपन चुनावी सभाएं की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चार, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने चौदह और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने तेरह चुनावी सभाओं को संबोधित किया। भाकपा–माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य के अलावा वाम दलों के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी चुनावी सभाएं की। जन सुराज के प्रशांत किशोर ने भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

इधर आज प्रचार के अंतिम दिन भी नेताओं ने मतदाताओं को लुभाने के लिए अंतिम जोर लगाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रोहतास के सासाराम में और पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गयाजी में एक जनसभा को संबोधित किया।

वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अररिया में चुनावी सभा को संबोधित किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सीतामढ़ी में चुनावी रैली को संबोधित किया।

जदयू के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैमूर जिले के चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कैमूर में महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा की। इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किशनगंज और पूर्णिया में आयोजित सभाओं को संबाधित किया। इधर, जन सुराज के सस्थापक प्रशांत किशोर ने पूर्वी चम्पारण के कल्याणपुर में रोड शो किया।

---

भाजपा और जदयू समेत एनडीए के घटक दलों ने प्रचार अभियान के दौरान जंगलराज और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर महागठबंधन को घेरा। मतदाताओं को लुभाने के लिए एक करोड़ रोजगार और सरकारी नौकरी का मुद्दा एनडीए ने नेताओं ने जोरशोर से उठाया। साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए दस–दस हजार रूपये दिये जाने के मुद्दे को लेकर एनडीए ने आम लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। दूसरी तरफ महागठबंधन ने हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने के मुद्दे को चुनाव प्रचार के दौरान प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा महागठबंधन नेताओं ने पलायन रोकने, महिलाओं को प्रति वर्ष तीस हजार रूपये देने और भूमिहीनों के बीच जमीन बांटने जैसे मुद्दों को उठाकर जनता को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कोशिश की।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रचार थमने के बाद एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एनडीए को चुनाव में भारी बहुमत मिलने जा रहा है।

–––बाईट–––

इधर, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने दावा करते हुये कहा कि चुनाव में गठबंधन को बड़ी जीत मिलेगी। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महागठबंधन को सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।

–––बाईट–––

———————————————————————

दूसरे चरण में जिन बीस जिलों में मतदान होना है, उनमें पूर्वी और पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास जिला शामिल हैं। इस चरण में बारह मंत्रियों और पन्द्रह पूर्व मंत्रियों समेत एक हजार तीन सौ दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इस चरण में जिन प्रमुख मंत्रियों की किस्मत का फैसला होना है, उनमें सुपौल से बिजेन्द्र प्रसाद यादव, चकाई से सुमित सिंह, झंझारपुर से नीतीश मिश्र, अमरपुर से जयंत राज, छातापुर से नीरज कुमार सिंह शामिल हैं। इसके साथ ही बेतिया से रेणु देवी, धमदाहा से लेसी सिंह, हरसिद्धि से कृष्ण नदंन पासवान, चैनपुर से जमा खां चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा जिन प्रमुख नेताओं की किस्मत का फैसला होना है, उनमें सिकंदरा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, कुटुम्बा से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कदवा से कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान और बलरामपुर से भाकपा–माले विधायक दल के नेता महबूब आलम शामिल हैं।

———————————————————————

दूसरे चरण में एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के साथ कई अन्य पार्टियां के उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में भाजपा के बावन, जदयू के पैंतालीस, लोजपा–रामविलास के पन्द्रह, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के छह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, राजद के सत्तर, कांग्रेस के सैंतीस, वीआईपी के आठ, भाकपा–माले के पांच, सीपीआई के चार और सीपीएम के दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में करगहर, चैनपुर, नरकटियागंज और सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के घटक दलों के उम्मीदवार आमने–सामने हैं।

———————————————————————

दूसरे चरण के चुनाव को लेकर सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। दो लाख से अधिक केन्द्रीय बल के जवानों को विभिन्न जगहों पर प्रतिनियुक्त किया गया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान जिला बल के अतिरिक्त उनसठ कम्पनी बी–सैप, पैंतालीस हजार होमगार्ड और प्रशिक्षु सिपाही भी तैनात किये जायेंगे। श्री कुमार ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर भारत–नेपाल अन्तरराष्ट्रीय सीमा को सील कर दिया गया है।

–––बाईट–––

---

दूसरे चरण में एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में से कई निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा कारणों से मतदान के समय में कटौती की गयी है। राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार पांडे ने बताया कि जमुई जिले के सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों, सिकंदरा, जमुई, झाझा और चकाई में मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही होगा। वहीं, कैमूर जिले के चैनपुर और नवादा जिले के रजौली तथा गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। उन्होंने बताया कि कटोरिया, बेलहर, गोह, नबीनगर, कुटुम्बा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरूआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी और बोधगया निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ मतदान केन्द्रों पर शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे।

---

मतदाता वोटिंग के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा बारह अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट समेत अन्य पहचान पत्र शामिल हैं।

---

दूसरे चरण के चुनाव के दिन संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

---

सारण जिले के हरिहर क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से शुरू हो गया है। यह मेला दस दिसंबर तक चलेगा। यह मेला ना केवल व्यापार का केंद्र है बल्कि संस्कृति, परंपरा और लोकजीवन का अनोखा संगम भी है। इस मेले में प्रदेश के

अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बंगाल से भी व्यापारी पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन और रेलवे ने मेले को नई पहचान देने की पहल की है। इस बार मेले का सबसे बड़ा आकर्षण भारतीय रेल की भव्य प्रदर्शनी है जिसे मुख्य पंडाल के सामने विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस प्रदर्शनी में रेलवे के कोयला इंजन से वंदे भारत तक के रोमांचक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। जिलाधिकारी अमन समीर और वरीय पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने बताया है कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं, पर्यटकों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में पेट्रोलिंग, निगरानी और नियंत्रण के लिए अस्थायी थाना, पुलिस पिकेट, कंट्रोल रूम और सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था की गई है।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज गयाजी में न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के अधिकांश जिलों का न्यूनतम तापमान बीस डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की सम्भावना जतायी है।

---

तेईसवीं राज्य बालक बालिका सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पटना ने सारण को बयालीस–बत्तीस से हरा कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, बालिका वर्ग के फाइनल में सीतामढी ने पटना को इकतीस–सत्ताइस से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीमों को बिहार राज्य कबड्डी संघ के सभापति कुमार विजय सिंह और अन्य गण्मान्य लोगों ने सम्मानित किया।

---

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्रीज की ओर से बंधन बैंक के सहयोग से सिक्का और नोट विनिमय मेला का आयोजन किया गया। मेले में लोगों ने अपने पुराने सिक्कों और नोट को बदलवाया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार हुआ समाप्त। बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवम्बर को डाले जायेंगे वोट।

02 चुनाव प्रचार थमने के बाद एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये।

03. दूसरे चरण में बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नीतीश मिश्रा, जयंत राज और रेणु देवी समेत बारह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में सुबह और शाम के समय ठंड में बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।